theलखनऊटाइम्स.com

# गोमतीनगर में वरिष्ठजनों ने कोरोना गाइडलाइन के साथ मनाया होली

March 30, 2021

**लखनऊ :** इस बार भी जब कोरोना महामारी के द्वितीय स्ट्रैन से सक्रमित लोगो की एकदिन में संख्या भारतवर्ष में 68,000 से अधिक हो चुका है, वही महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य-प्रदेश आदि में कही-कही लाकडाउन लगाना पडा है। भारत सरकार व प्रदेश सरकारों द्वारा कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन हेतु शासनादेश जारी होने के वावजूद आम पब्लिक द्वारा कोरोना के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। आज जब होली का त्यौहार पूरे देश में मनाया जा रहा है, वही शहरी क्षेत्रो में अधिकतर लापरवाही का आलम पाया गया।

विराम खंड-5 गोमतीनगर जनकल्याण समिति के वरिष्ठजनों ने विशेषकर अध्यक्ष, डा. भरत राज सिह, सन्युक्त सचिव, एस.बी.एल. मल्होत्रा, रामायण सिह, अरुन कुमार राना, डा. आर.पी. शर्मा, डा.वी.के. श्रीवास्तव, वीपी.निगम, राजेंद्र सिह आदि ने कुछ होलिका दहन से लेकर होली मनाने के लिये कोरोना गाइड-लाइन अपनाने का संकल्प लिया और जन-मानस में चेतना भी फैलाई।

http://thelucknowtimes.com/senior-gomans-celebrate-holi-in-gomtinagar-with-corona-guideline/